(DME) are being installed at a cost of Rs. 3.00 crores. This work is expected to be completed by December, 1994. The construction of boundary wall at a cost of Rs. 1,77 crores and ground safety services at a cost of Rs. 0.85 crores will be completed by September, 1995 and December, 1995 respectively.

(3) RAJKOT The runway is proposed to be resurfaced. ILS DME and DVOR (Doppler Very High Frequency Omni Range) are being installed at an estimated cost of Rs. 4.50 crores. Installation of ILS is expected to be completed by December, 1994.

(4) BHUJ (i) A passenger terminal is planned to be constructed at an estimated cost of Rs. 3.00 crores subject to the availability of land

(ii) DVOR and DME are being installed at a cost of Rs. 2.10 crores. The work is likely to be completed by August, 1995.

(5) PORBANDER A new passenger terminal is proposed to be constructed at an estimated cost of Rs. 3.00 crores and is expected to be completed in 2 years from the date of award.

(6) JAMNAGAR VOR and DME is proposed to be installed at an estimated cost of Rs. 2.00 crores and is expected to be installed by August, 1995.

गुजरात में समुद्र तटों को सुन्दर बनाने हेतु प्रस्ताव

305. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु गुजरात सरकार की ओर से समुद्र तटों को सुन्दर बनाने के लिये कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात और अन्य समुद्र तटीय राज्यों में इस संबंध में कितनी धनराशि खर्च की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

इंडियन एयरलाइंस के कर्मचारियों को टेलीफोन की सुविधा

306. **श्री गोविन्दराव आदिक** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइंस अपने कर्मचारियों द्वारा अपने नाम पर लगे टेलीफोनों के बिल पेश करने पर उनका आंशिक भुगतान करती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या यह सच है कि उसके पति/पत्नी के नाम पर लगे टेलीफोन के लिये भी यह सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(घ) यदि हां, तो क्या इंडियन एयरलाइंस कर्मचारियों के पति/पत्नी के नाम पर लगे टेलीफोनों के लिये भी यह सुविधा प्रदान कर देगी ;

(ङ) यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) इंडियन एयरलाइंस कुछ कोटियों के कर्मचारियों को एक सीमा तक टेलीफोन के बिलों की प्रतिपूर्ति करती है जबकि उन्होंने अपने निजी टेलीफोन का प्रयोग सरकारी कार्य के लिये किया हो ।